कार्यवाही | कोतवाली पुलिस ने 1 देशी कट्टा, 2 कारतूस और 3 चाकू किए जब्त

न्यायालय परिसर में हथियार लेकर घूम रहे 4 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत, दमोह। थाना कोतवाली पुलिस ने 17 जून 2026 को न्यायालय परिसर में अवैध हथियार लेकर खड़े 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.आरोपियों के कब्जे से 1 देशी पिस्टल, 2 कारतूस और 3 बटनदार चाकू बरामद हुए हैं.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन, एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया व सीएसपी एच.आर. पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार को सूचना मिली थी कि न्यायालय परिसर में कुछ लड़के अवैध हथियार लिए खड़े हैं.मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम रवाना की गई.पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ा। तलाशी में उनके पास से 3 बटनदार चाकू, 1 देशी पिस्टल मय 02 कारतूस के जप्त किए गए. आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 588/26 धारा 25, 25(1-बी)(बी), 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया.

> टीआई कोतवाली मनीष कुमार ने बताया गिरफ्तार आरोपियों में सुमित रैकवार बिलवारी मोहल्ला,शैलेन्द्र रैकवार लोको, रोहन विश्वकर्मा कचौरा और अपचारी बालक भी शामिल हैंसराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार ,उनि. नीतेश जैन, प्र.आर. अजीत,प्र.आर.हेमंत अवस्थी, प्रआर कलीम खान, आर. मनोज पाण्डेय, आर. भूपेन्द्र पाण्डेय, आर.कृष्णकांत व्यास,आर.योगेन्द्र राजपूत,आर.बृजेन्द्र अहिरवार का योगदान रहा।

भाजपा किसान मोर्चा की किसान कार्यशाला आज

नवभारत,दमोह. भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, जिला दमोह द्वारा 19 जून को मानस भवन, दमोह में सुबह 11 बजे से महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़ना तथा उनकी आय में वृद्धि के प्रभावी उपायों पर चर्चा होगी.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राहुल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह विधायक जयंत मलैया, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, कार्यशाला संभाग प्रभारी श्रीमती नर्मदा सिंह, कार्यक्रम जिला प्रभारी करन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे.कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, जैविक खाद के उपयोग, लागत में कमी एवं उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी जाएगी.

पुराने शिक्षकों पर नया नियुक्ति कानून थोपना अन्यायपूर्ण

- शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की अनिवार्यता के विरोध में मप्र शिक्षक संघ का विशाल प्रदर्शन
- प्रधानमंत्री,केंद्रीय शिक्षा मंत्री,मुख्यमंत्री मप्र शासन के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत,दमोह. शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट की अनिवार्यता के कानून के खिलाफ शिक्षकों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है.अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आव्हान पर मप्र ही संपूर्ण भारत देश के सभी जिला स्तर पर शिक्षकों की सेवा पर टीईटी लागू करने के विरुद्ध आज ज्ञापन सौंपा गया.मप्र शिक्षक संघ व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का विरोध नहीं कर रहा, किंतु शिक्षकों की पीड़ा के निराकरण हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय शिक्षा मंत्री से संगठन अनुरोध कर रहा है कि इस निर्णय में संशोधन हेतु संसद में अध्यादेश आया जाए.संगठन शिक्षकों के प्रति प्राकृतिक न्याय समानता, विविध निश्चितता के सिद्धांत के आधार पर अध्यादेश लाने की मांग कर रहा है.आज के इस ज्ञापन के माध्यम से संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन ने अनुरोध किया कि आर टी ई अधिनियम 2009-2010 में उल्लेखित नियुक्ति नियम में शिक्षक पात्रता परीक्षा का उल्लेख किया गया है,जो कि 23 अगस्त 2010 में एनसीईटी अंतर्गत अध्यादेश में उल्लेखित है. संगठन उक्त अध्यादेश को जारी होने की दिनांक से लागू करने का अनुरोध करके दिनांक 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त रखने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है.

हटा पुलिस ने गरीब पिता की आंखों में लौटाई उम्मीद

बेटी की विदाई बनी समाज की जिम्मेदारी

नवभारत,हटा/दमोह. बेटी की शादी हर पिता का सबसे बड़ा सपना होती है, लेकिन जब जेब खाली हो और जिम्मेदारियां सिर पर हों, तो यही सपना सबसे बड़ी चिंता बन जाता है.दमोह जिले के आंजनी बेलखेड़ी गांव निवासी अत्यंत गरीब जीवन बंसल भी ऐसी ही चिंता में डूबे हुए थे.उनकी बेटी छोटी बंसल की शादी 20 जून को तय थी, लेकिन आर्थिक तंगी इतनी थी कि बेटी को विदाई के समय देने के लिए जरूरी गृहस्थी का सामान जुटाना भी उनके लिए असंभव हो गया था.इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते हैं. उम्मीद की आखिरी किरण लेकर जीवन बंसल हटा थाने पहुंचे और अपनी व्यथा सुनाई. थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने उनकी पूरी बात गंभीरता से सुनी और भरोसा दिलाया कि बेटी की विदाई सम्मान के साथ होगी.टीआई बेगी ने पहले बैजनाथ उदेनिया के माध्यम से परिवार की वास्तविक स्थिति की जानकारी जुटाई. इसके बाद हटा क्षेत्र के समाजसेवियों से सहयोग की अपील की.उनकी इस पहल का ऐसा असर हुआ कि समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए आशीष पुरानी, सुरेंद्र अग्रवाल, सरपंच भगवान सिंह लोधी, कमल सिंह लोधी, दिलावर, सोनू साहू, शीतल साहू, रवि विश्वकर्मा, राजेश यादव, अजय चौरसिया सहित अनेक समाजसेवी आगे आए और छोटी बंसल की शादी के लिए सोफा सेट, पलंग, ड्रेसिंग टेबल, अलमारी, कूलर, पंखा, बर्तन, कपड़े तथा गृहस्थी का लगभग पूरा आवश्यक सामान भेंट किया. समाजसेवियों ने नवदंपती के सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं भी दीं.

> जहां अक्सर पुलिस की चर्चा कानून व्यवस्था तक सीमित रहती है, वहीं हटा पुलिस परिवार ने यह साबित किया कि वर्दी का सबसे सुंदर चेहरा संवेदनशीलता और मानवीय सेवा भी हैबताया जाता है कि थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी इससे पहले भी कई जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक और सामाजिक मदद कर चुके हैं। यही कारण है कि क्षेत्र में लोग उन्हें केवल एक पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में सहारा बनने वाले संवेदनशील इंसान के रूप में भी देखते हैं. छोटी बंसल की शादी में मिला यह सहयोग एक बार फिर यह संदेश दे गया कि जब पुलिस और समाज साथ खड़े हो जाएं, तब किसी गरीब बेटी की विदाई अभावों में नहीं, बल्कि सम्मान और खुशियों के साथ होती है.

मानस भवन में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित

पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित

नवभारत,दमोह। प्रदेश सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के निराकरण व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला व जनपद स्तर पर तीन दिवसीय प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर में जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनके त्वरित समाधान के लिए कार्य कर रहे हैं, इस आशय की बात जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने मानस भवन में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के दौरान कही.कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों को हल्के में न लें. भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी अपने-अपने क्षेत्र में नागरिकों, हितग्राहियों और लाभार्थियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर ने कहा राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है. इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, गोपाल पटेल, मनीष तिवारी, राघवेन्द्र सिंह परिहार, महेश पटेल, अमित जैन गोलू बजाज, संदीप शर्मा, नर्मदा एकता सिंह, देवकी नंदन पटेल, अदिति शांडिल्य भी मौजूद रहे.

मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

नवभारत,दमोह। हिण्डोरिया मुस्लिम भाईयों के सन्निकट आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर हिण्डोरिया थाना क्षेत्र की पुलिस द्वारा एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी व टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन मे नगर के संवेदनशील प्रमुख मार्गों पर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला. इस सम्बन्ध में एसडीओपी प्रिया सिंधी ने बताया कि आगामी मुहर्रम पर्व सभी आपसी सदभाव पूर्ण माहौल मे परंपरागत रूप से अमन शांति के साथ मनाये. सभी शासन की पर्वों को लेकर जारी गाइड लाईन का पालन करें.पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकालने का उददेश्य यही है.टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि पुलिस त्योहार मे अपराध एवं अपराधी तत्वों पर सख्त निगरानी रखेगी. किसी को भी कानून का उल्लघंन करने का मौका नही दिया जायेगा.पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रखी जायेगी. उन्होंने ने सभी से त्योहार अमन-शांति व आपसी सोहार्द पूर्ण ढंग से मनाने की अपील भी की.चौकी प्रभारी बांदकपुर राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

विपत्ति में काम आये वही सच्चा मित्र : महाराज

संगीतमय श्रीमद भगवत कथा का सातवां दिन

कुम्हारी नवभारत 18 जून। संगीतमय श्रीमद भगवत कथा के सातवें दिन पं. विष्णु कांत महाराज के सानिध्य में गांव खकरा में चल रही श्रीमद भगवत कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथा में पं. विष्णु कांत महाराज ने बताया कि धर्मपत्नी के कहने पर द्वारिकाधीश से मिलने सुदामा पहुंचे, जहां भगवान ने उनका स्वागत किया, चरण कमलों का प्रक्षालन किया। सुदामा द्वारा उन्हें तीन मुट्ठी चावल भेंट किए गए, जिनमें से दो मुट्ठी चावल खाने पर भगवान ने उन्हें दो लोक दिये। तीसरी मुट्ठी चावल खाने पर माता रूकमणि ने रोक लिया। भगवान ने विश्वाकर्मा को आदेश दिया कि सुदामापुरी नगरी का निर्माण किया जाए, जिससे सुदामापुरी बनी। सुदामा को

भगवान श्रीकृष्ण ने धनधन्य से संपन्न किया। कथा के दौरान झांकी के भक्त श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और कथा का समापन हुआ। इसके उपरांत हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया, ग्रामवासियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

मंत्री पटेल ने हिरदेपुर को 47 लाख के सामुदायिक भवन की दी सौगात

- सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में बनेगा भवन, जिले के लोगों को मिलेगा लाभ

नवभारत,दमोह। पंचायत व ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने दमोह जिले के स्वजातीय बंधुओं व आमजनमानस की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हिरदेपुर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में 47.00 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन की स्वीकृति प्रदान की है।स्थानीय नागरिकों ने इस सौगात के लिए मंत्री का कोटिश: आभार व्यक्त किया है।नागरिकों का कहना है कि यह स्वर्णिम कार्य भविष्य में एक अलग पहचान के रूप में ऐतिहासिक रहेगा, जिसका लाभ वर्षों तक जिले के समस्त आमजनों को मिलता रहेगा। समस्त स्वजातीय बंधुओं व दमोह जिले वासियों की ओर से मंत्री प्रहलाद पटेल का पुन: आभार व धन्यवाद व्यक्त किया गया है.

नाबालिग को धमकाकर धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिना सहमति बात करने, जान से मारने की धमकी देने पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

नवभारत,दमोह। थाना कोतवाली पुलिस ने नाबालिग बालिका को धमकाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने वाले आरोपी साहिल खान उर्फ साहिद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। 15 जून को एक नाबालिग बालिका ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी साहिल खान उर्फ साहिद पिता छोटे खान निवासी किशन तलैया दमोह उसके साथ बिना सहमति के बात करता है, परिजनों को जान से मारने की धमकी देता है तथा धर्म परिवर्तित कराने की धमकी दे रहा है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन, एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया व सीएसपी एच.आर. पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्र.नि.मनीष कुमार ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की।

सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भ्रामक जानकारी फैलाने वाले व्यक्तियों पर सतत् निगरानी

नवभारत,दमोह. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 21 जून रविवार को दमोह जिले के तीन परीक्षा केंद्रो पी.एम श्री केंद्रीय विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीएम श्री ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में नीट परीक्षा (पुन:) का आयोजन किया जा रहा है, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भ्रामक जानकारी फैलाने वाले व्यक्तियों पर सतत् निगरानी करने एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, प्रबंधक ई-गर्वेनेंस सोसायटी, जिला प्रभारी साईबर सेल (पुलिस), शरद तिवारी एडीपीसी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, हिमांशु पांडे प्रभारी आई.टी.आई सेल कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी शामिल है।कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने निर्देश दिए हैं कि नीट परीक्षा के प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग करने, प्रश्न पत्रों से संबंधित अफवाह फैलाने या प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का दावा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए।

एक नजर में

दमोह में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

नवभारत,दमोह। राष्ट्र गौरव, अदम्य शौर्य और स्वाभिमान के पर्याय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर दमोह में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण नमन किया गया.वक्ताओं ने कहा कि मेवाड़ केसरी का मातृभूमि के लिए त्याग, संघर्ष और पराक्रम युगों-युगों तक हमें राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा. यह स्वर्णिम अध्याय भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है। आयोजित कार्यक्रम में सांसद राहुल सिंह, विधायक दमोह जयंती मलैया और टीकमगढ़ विधायक यदुवेन्द्र सिंह सहित सामाजिक वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही.सभी ने महाराणा प्रताप के शौर्य को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.

तेंदूखेड़ा के नीरज सोनी बने सीए, नगर का नाम किया रोशन

नवभारत,तेंदूखेड़ा। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा नगर के होनहार युवक नीरज सोनी पिता भूपेंद्र सोनी के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सी.ए.) बनने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नीरज की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। नीरज सोनी ने सीए बनकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे तेंदूखेड़ा नगर का नाम गौरवान्वित किया है। नगरवासियों एवं शुभचिंतकों ने कामना की है कि नीरज निरंतर ऊंचाइयों को छुएं और इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करें।

12 साल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने सांसद राहुल लोधी का जनसंपर्क अभियान तेज

नवभारत,दमोह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी का विशेष जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है.सांसद लोधी ने रहली विधानसभा क्षेत्र के गढ़ाकोटा नगर, गढ़ाकोटा ग्रामीण व बलेह मंडल में प्रबुद्धजनों से आत्मीय संवाद किया. इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित व समाजसेवी व्यक्तित्वों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया.

सीएमओ पर हमले के दोनों फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

एसपी ने घोषित किया था एक-एक हजार का इनाम कोतवाली पुलिस ने दबोचा

नवभारत,दमोह। 19 मई को नगरपालिका सीएमओ राजेन्द्र लोधी पिता जवाहर लोधी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में दर्ज मामले के दोनों फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 489/2026 धारा 296(बी), 351(5), 132 बीएनएस, 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5 एससीएसटी एक्ट, इजाफा धारा 119(1) बीएनएस के तहत आरोपी मिर्जा सरफराज बेग और मिर्जा शहजाद बेग निवासी पठानी मोहल्ला दमोह के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध था. दोनों आरोपी घटना दिनांक से ही फरार चल रहे थे.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने प्रत्येक आरोपी पर एक-एक हजार रुपये का इनाम घोषित कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

एसपी के निर्देशन, एएसपी व सीएसपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।01 दिवस के पुलिस रिमाण्ड के बाद आज दिनांक 18 जून 2026 को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल दमोह दाखिल किया गया.कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, प्रआर कलीम खान, हेमंत अवस्थी, धीरज राजपूत, आरक्षक भूपेन्द्र की मुख्य भूमिका रही.

पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना : हितग्राहियों को मिला लाभ

- शहरी आजीविका मिशन द्वारा तीन दिवसीय शिविर का आयोजन
- वर्ष 2020 से निरंतर योजना संचालित, अब तक 14.24 करोड़ रुपये का ऋण वितरण

नवभारत,दमोह. जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें तीन दिवसीय शिविर में शहरी आजीविका मिशन दमोह इकाई द्वारा पी.एम.स्ट्रीट वैंडर योजना के तहत् 281 लोगों के आवेदन ऑनलाईन कर विभिन्न बैंको में प्रेषित किए गए। इस योजना में हितग्राहियों को 15 हजार, 25 हजार एवं 50 हजार का ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना में यदि हितग्राही प्रतिमाह नियत तिथि पर ऋण चुकाता है तो इस ऋण पर 100 प्रतिशत ब्याज अनुदान हितग्राही को प्राप्त होता है। शहरी आजीविका मिशन द्वारा 38 हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से विभिन्न बैंको को प्रेषित किए गए है। शहरी आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक अरशद खान ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशन में वर्ष 2020 से यह योजना संचालित है जिसमें योजना प्रारंभ से अभी तक 5297 लोगो को 15000/-रुपये, 2256 हितग्राहियों को 25000/-तथा 838 लोगों को 50000/-रुपये का व्यवसायिक ऋण प्रदान किया गया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 9 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाये जाने पर 3-3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश

नवभारत,दमोह. जिले में शासकीय कार्य अपने समय पर सम्पन्न होते रहें इसी उद्देश्य को लेकर कलेक्टर लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है तथा प्रशासनिक गतिविधियों में जहां लापरवाही बरती जा रही है, इस बात का आंकलन भी कर रहे है.इसी क्रम में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव बुधवार प्रात: 9 बजे आकस्मिक रूप से भ्रमण पर निकले. इस दौरान अनियमितता, लापरवाही पर एक शिक्षक निलंबित और सदगुवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुपस्थित पाये जाने पर 3-3 दिवस का वेतन काटने और आंगनबाड़ी केन्द्र महंतपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता अनुपस्थित पाये जाने पर सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, परियोजना अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी को सोकॉज नोटिस जारी किये गये है.

नाम सूचना

मैं रत्नेश सिहं ठाकुर (Ratnesh Singh Thakur) आयु 29 वर्ष पिता गनपत सिंह ठाकुर पता-ग्राम इमलिया उद्देशा पटेरा भरताला, पटरा दमोह-(म.प्र.)470772 का स्थायी निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं ड्राईविंग लायसेंस में मेरा नाम रत्नेश सिंह ठाकुर (Ratnesh Singh Thakur) दर्ज है। जबकि मेरे पेन कार्ड में मेरा नाम रत्नेश ठाकुर (Ratnesh Thakur) और मेरी अंकसूची में मेरा नाम रत्नेश सिंह (Ratnesh Singh) दर्ज है। अतः रत्नेश सिंह ठाकुर (Ratnesh Singh Thakur), रत्नेश ठाकुर (Ratnesh Thakur) रत्नेश सिंह (Ratnesh Singh) तीनों नाम मेरे यानि एक ही व्यक्ति के नाम है मुझे सभी नामों से जाना पहचाना, लिखा पढ़ा एवं समझा जाता है जो कि सत्य एवं सही है। इस हेतु शपथ पत्र एवं सूचना प्रकाशित है।

स्थान- दमोह (म.प्र.)
दिनांक-18/06/2026

नाम संशोधन सूचना

मैं शपथकर्ता **कृष्ण कुमार विश्वकर्मा** पिता हरिशंकर विश्वकर्मा उम्र 43 वर्ष निवासी फुटेरा वार्ड नंबर 4, तहसील एवं जिला दमोह। में शपथ पूर्वक निम्नलिखित अनुसार कथन करता हूं कि मेरी पुत्री के दो नाम चलते हैं, मणिका एवं मानसी विश्वकर्मा, जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में मेरी पुत्री का नाम मणिका विश्वकर्मा अंकित है जबकि आधार कार्ड में मानसी विश्वकर्मा दर्ज है। एक ही व्यक्ति के दो अलग-अलग नाम होने के कारण समस्या हो रही है। जिसे संशोधित कर जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची रिकॉर्ड के अनुसार आधार कार्ड में भी सही नाम मणिका विश्वकर्मा दर्ज किया जाए। ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो।

शपथकर्ता
कृष्ण कुमार विश्वकर्मा

अवैध शराब बिक्री | भगवती मानव कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन

अवैध शराब सप्लाई पर रोक लगाने की मांग

नवभारत, पथरिया 18 जून। क्षेत्र में शराब दुकानों से कथित रूप से हो रही अवैध शराब सप्लाई को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन ने थाना पथरिया पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और इस पर रोक लगाने की मांग की।

संगठन ने आरोप लगाया कि शराब दुकानों से ग्रामीण क्षेत्रों तक अवैध रूप से शराब पहुंचाई जा रही है,जिससे गांवों का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि वह पिछले करीब 15 वर्षों से अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा, अवैध खनन सहित अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाकर

पुलिस और प्रशासन का सहयोग करता आ रहा है।

दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों से हो रही सप्लाई

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि थाना क्षेत्र की पथरिया ए, पथरिया बी, केवलारी एवं चिरौला शराब दुकानों से आसपास के ग्रामीण इलाकों में शराब पहुंचाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। संगठन का कहना है कि बिना नंबर के दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों के जरिए रात के समय शराब सप्लाई किए जाने की जानकारी मिल रही है।

युवाओं पर पड़ रहा नकारात्मक प्रभाव

संगठन ने कहा कि गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री से युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और इसके कारण सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं। वहीं संगठन ने पथरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब के मामलों में की जा रही कार्रवाई की सराहना करते हुए आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। संगठन का आरोप है कि अवैध शराब कारोबार पर निगरानी रखने वाला विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है।